DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE
PERIODIC ASSESSMENT – III (2023-24)

- Please check that this question paper contains 4 printed pages.
- Check that this question paper contains 6 questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.

CLASS – VIII

SUBJECT: HIGHER HINDI

Time :1 hour 30 Mins **Maximum Marks: 40**

सामान्य निर्देश:-
- इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं -क,ख,ग और घ ।
- सभी खंड अनिवार्य हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखिए ।

खण्ड – क (अपठित गद्यांश)

1. **प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** (1x5=5)

प्रेमचंद का वास्तविक नाम 'धनपतराय' था। वे 'नवाब राय' के नाम से उर्दू में लिखते थे। उनकी 'सोजे वतन' कहानी संग्रह की सभी प्रतियाँ तत्कालीन सरकार ने ज़ब्त कर ली थीं। सरकारी कोप से बचने के लिए प्रसिद्ध उर्दू पत्रिका 'ज़माना' के संपादक मुंशी दयानारायण निगम ने उन्हें 'नवाब राय' के स्थान पर 'प्रेमचंद' उपनाम सुझाया। यह नाम उन्हें इतना पसंद आया कि 'नवाब राय' के स्थान पर वे 'प्रेमचंद' हो गए।प्रेमचंद के सुपुत्र अमृतराय के अनुसार प्रेमचंद जी ने अपने नाम से पहले 'मुंशी' शब्द का प्रयोग स्वयं कभी नहीं किया। प्रेमचंद के नाम से पहले 'मुंशी' कब और कैसे जुड़ गया? इस विषय में अधिकांश लोग यही मान लेते हैं कि प्रारंभ में प्रेमचंद अध्यापक रहे। अध्यापकों को उस समय मुंशी कहा जाता था। इसके अतिरिक्त कायस्थों के नाम के साथ सम्मानजनक 'मुंशी' शब्द लगाने की परंपरा रही है।संभवतः – प्रेमचंद जी के नाम के साथ मुंशी शब्द जुड़ कर रूढ़ हो गया होगा । प्रेमचंद के नाम के साथ मुंशी जी जुड़ने का कारण यह भी है कि वे 'हंस' हिंदी पत्रिका के संपादक थे। वहाँ पर

प्रेमचंद का नाम इस प्रकार छपा रहता था-संपादक – मुंशी प्रेमचंद । आज प्रेमचंद का मुंशी अलंकरण इतना रूढ़ हो गया है कि मात्र मुंशी से ही प्रेमचंद का बोध हो जाता है तथा मुंशी न रहने से प्रेमचंद का नाम अधूरा-अधूरा सा लगता है।

क. धनपतराय को 'प्रेमचंद' उपनाम किसने सुझाया ?

ख. प्रेमचंद किस पत्रिका का संपादन करते थे ?

ग. अपने मूल नाम को प्रेमचंद ने क्यों बदला ?

घ. प्रेमचंद का प्रारंभिक व्यवसाय क्या था ?

ङ. प्रेमचंद के पुत्र का नाम क्या था ?

खण्ड – ख (व्याकरण)

2. निर्देशानुसार पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - **(1x10=10)**

क. '**गिरीश**' का संधि विच्छेद क्या होगा?

I. गिरि +इश II. गिरि+ईश III. गीरी+ईश IV. गिर+ईश

ख. **वार्षिक + उत्सव** शब्दों की संधि है -

I.वार्षिकोत्सव II.वर्षिकोत्सव III.वार्षिकत्सव IV.वार्षिकौत्सव

ग. **'चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना'** मुहावरे का अर्थ है –

I. चेहरे पर हवा करना II. चेहरे को हवा से उड़ाना

III. घबरा जाना IV. इनमें से कोई नहीं

घ. '**संपत्ति**' शब्द में प्रयुक्त उचित उपसर्ग का चयन कीजिए-

I. सं II. सम III. सम् IV. सन्

ङ. दिए गए वाक्य हेतु सही मुहावरे का चयन कीजिए -

उसने अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ---------- ।

I. नौ दो ग्यारह होना II. कान भरना

III. घी के दीए जलाना IV. एड़ी चोटी का ज़ोर लगाना

च. '**देशभक्ति**' शब्द के लिए सही समास विग्रह और समास के भेद का चयन कीजिए-

I. देश के लिए भक्ति -कर्मधारय समास II.देश और भक्ति -अव्ययीभाव समास

III. देश के लिए भक्ति -तत्पुरूष समास IV. देश द्‌वारा भक्ति -तत्पुरूष समास

छ.

	समस्तपद		समास
A	नवग्रह	A	द्‌विगु
B	स्वर्गगत	B	तत्पुरूष
C	यथासमय	C	द्‌वंद्‌व
D	पीतांबर	D	तत्पुरूष

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं -

I. A और B II. A और C II. B और D IV. C और D

ज . '**चंद्र**' शब्द हेतु उचित पर्यायवाची युग्म का चयन कीजिए -

I. राकेश, दिनेश II. मयंक, अनल III. राकेश, केशव IV. शशि, मयंक

झ . 'वह रात तक यहीं बैठा रहा |' वाक्य में निपात शब्द क्या है ?

I. वह II. रात III. तक IV. बैठा

ञ. माँ ने **<u>बेटे को</u>** समझाया । दिए गए वाक्य के रेखांकित अंश में सही कारक की पहचान कीजिए -

I- संबंध कारक II- कर्म कारक III- संप्रदान कारक IV- कर्ता कारक

खण्ड – ग (पाठ्य पुस्तक)

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए - **(1X5=5)**

क. कल्पना के परिवार का मूल मंत्र क्या था ?

ख. पिताजी सारा दिन कहाँ रहते थे ?

ग. कल्पना की इंजीनियर बनने की इच्छा किस कक्षा से होने लगी थी ?

घ. 'बातचीत की कला' पाठ के लेखक कौन हैं ?

ङ. इस चराचर जगत में किसको बातचीत का वरदान मिला है?

4. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** (2X6=12)

क. कल्पना की सोच अन्य लड़कियों से किस प्रकार भिन्न थी ?

ख. माइकल बेरी ने आम सभा में क्या कहा ?

ग. श्रीधर को देखकर लेखक को अपने ऊपर झुंझलाहट क्यों हो रही थी ?

घ. बातचीत करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

ङ. खुले आसमान में चाँद को देखकर लेखक के मन में क्या विचार आया ?

च. बादशाह ने तोते की देख-रेख करने वाले को क्या हिदायत दी ?

5. **निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर विस्तार से लिखिए -** (3X1=3)

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बचपन में खेले जाने वाले खेल तथा अन्य क्रियाकलाप क्यों ज़रूरी हैं ?

अथवा

आपने अपने जीवन का क्या लक्ष्य निर्धारित किया है ? जीवन लक्ष्य को प्राप्त करने में पारिवारिक सहयोग का क्या महत्त्व है ?

खण्ड – घ (रचनात्मक लेखन)

6. आपके विद्यालय में खेल का सामान मँगवाने के लिए प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए । **(5)**

अथवा

आप डीएवी पब्लिक विद्यालय नई दिल्ली की छात्रा / छात्र मीरा / मोहन है । छात्रवृत्ति प्राप्ति हेतु अपने प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए ।

****